जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान

07 फरवरी 2023

# मतदाताओं के बीच जाकर भाजपा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

# विधायक सचिन बिरला के नेतृत्व में भाजपा ने नगर के 18 वार्डो में निकाली विकास यात्रा

## लोगों की शिकायत पर विधायक ने पटवारी संजय पाटीदार पर सख्त कार्यवाही के दिये निर्देश







बड़वाह -नवरत्नमल जैन

विधानसभा चुनाव नजदीक आते देख अब भाजपा चुनावी एक्शन में आचुकी है। चुनाव में जाने के पहले सरकार ने अपनी उपलब्धियों को लेकर मतदाताओं के बीच जाने का सिलसिला विकास यात्रा में माध्यम से प्रारंभ कर दिया है। जिससे एक ओर सरकार की उपलब्धियों से मतदाताओं को अवगत करवाया जा सके और साथ ही साथ जो भी शिकवा शिकायते हो तत्काल निवारण कर लोगों की नाराजगी की दूर किया जा सके।

बड़वाह नगर में भी प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार के आदेश पर प्रदेश भर में विकास यात्रा निकाली जा रही है।यात्रा के माध्यम से हम सभी जनप्रतिनिधि आप के बीच आकर आपको उन योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास कर रहे है। जिन योजनाओं से लोग अभी तक वंचित है। उक्त उद्बोधन विधायक सचिन बिरला ने आज नगर के 18 वार्डो में निकाली गई विकास यात्रा के दौरान आम लोगो की मौजूदगी में दिया।




### विकास यात्रा सुबह 9 बजे 1 वार्ड से 18 वार्डो में निकली विकास यात्रा सफलतापूर्वक रही

संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर विकास यात्रा सुबह 9 बजे सर्व प्रथम वार्ड क्रंमाक 3,4 से शुरू की गई।यात्रा में विधायक बिरला के साथ नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल सहित सभी वार्डो के पार्षद एवम भाजपा जिला महामंत्री महिम ठाकुर के साथ अनेक भाजपा नेता मौजूद थे।श्री बिरला ने आगे कहा कि हर वार्ड में शुद्ध पेयजल का वितरण हो,बिजली की समुचित आपूर्ति हो व कही भी गंदगी न रहे।हम सब मिलकर यह प्रयास कर रहे है।यात्रा के दौरान सभी वार्डो में लोगो ने अपनी अपनी समस्याओ से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। अधिकतर समस्या शासन की योजनाओं में लाभ दिलाये जाने की ही सामने आई। कंवर कालोनी में रहवासियों व भाजपा नेता रोमेश विजयवर्गीय ने विधायक व नपाध्यक्ष से सिवरेज व जल आवर्धन के ठेकेदारों को सामंजस्य स्थापित कर नगर में कार्य करने के निर्देश देने की मांग की। यात्रा में एसडीएम बीएस कलेश, मुख्य नपा अधिकारी कुशल सिंह डोडवे, एसडीओपी विनोद दीक्षित व टीआई जगदीश गोयल के साथ नपा व पुलिस का अमला मौजूद रहा।

### कर्मचारियों ने कहा- नियमितीकरण करें हमारा

यात्रा मार्गो से आगे बढ़ते हुए वार्ड पांच व छह के रहवासियों से मिलने के लिए कुम्हार मोहल्ला स्थित तिलभांडेश्वर मार्ग पहुंची। जहां रहवासियों से संवाद होने के बाद विधायक सचिन बिरला आगे बढ़े तो उन्हें नपा सफाई कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर घेर लिया। यहां महिलाओं ने नेताओं को उनका फर्ज तक याद दिला दिया। उन्होंने कहा कि आप हमारे नेता हो। नेताओं का क्या फर्ज होता हैं। आपको हमारी समस्याओं का हल करने के लिए पुरी कोशिश करना चाहिए।

इसके बाद बिरला ने कहा कि नपा एक पत्र तैयार करेगी। जिसमें शासकीय सुविधा प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को जो सुविधाएं मिल रही है वहीं सुविधाएं आप सभी कर्मचारियों को मिले। इसके लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा जाएगा।

### उपाध्यक्ष ने संभाली यात्रा के समन्वय की कमान

विकास यात्रा को एक ही दिन में शहर के 18 वार्डों में दूरी तय करना थी। लोग आसानी से समस्याएं रख सकें ओर यात्रा समय पर पुरी हो सके इसके लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने कमान संभाल रखी थी। उन्होंने विभाग प्रमुखों के साथ बैठकें कर यात्रा का पुरा मसौदा तैयार किया।

इसके साथ ही लोग अपनी समस्या आसानी से विधायक व अधिकारियों तक पहुंचा सकें इसके लिए एक विशेष तौर पर फार्म तैयार करवाया। योजना बनाई इसे समय से पहले लोगों तक पहुंचा दिया जाए। यहीं कारण रहा कि जब विधायक यात्रा पर निकले तो आमजनों ने तैयार फार्मेट में अपनी समस्या विधायक के सामने रखी।

इसके बाद पार्षद रजनी भंडारी ने कहा यहां की कॉलोनी को अवैध बताया जाता है। यहां पानी के साथ सफाई व्यवस्था मुहैया कराई जाए। इसी दौरान पटवारी संजय पाटीदार की शिकायत लेकर एक बालिका पहुंच गई। जब पाटीदार को बुलाया गया तो पता चला वह शादी में गए है। इसके बाद विधायक बिरला ने एसडीएम बीएस कलेश को पटवारी को हटाने का फरमान सुना दिया।

# ज्यूस पिलाकर विधायक ने समाप्त करवाई सडक निर्माण को लेकर चल रही भूख हडताल

## 2 माह में नही बनी सड़क तो होगी आर पार की लड़ाई

सनावद- विवेक विद्यार्थी




पिछले पांच दिनों से ग्राम खनगांव व खेडी के बीच बांकुर नदी पर पुलिया व सडक निर्माण की मांग को लेकर बैठक ग्रामीणों के लिए शुक्रवार का दिन उनकी जायज मांगो के निराकरण के लिए आशा लेकर आया। 30 जनवरी से भूख हडताल पर बैठे ग्रामीणों ने विधायक सचिन बिरला के लिखित आश्वासन के बाद अपनी अनिश्चितकालीन भूख हडताल समाप्त कर दी। भूख हडताल पर बैठे समाजसेवी बच्चूसिंह पंवार, श्यामसिंह पंवार, अजयसिंह पंवार व संजय सिंह को जूस पिलाकर हडताल समाप्त कराई।

ग्रामीणों ने विधायक के लिखित आश्वासन को स्वीकार करते हुए पिछले पांच दिनों से चली आ रही भूख हडताल समाप्त कर दी। ग्रामीणों ने कहा हम विधायक की बात पर विश्वास कर अपनी हडताल समाप्त कर रहे हैं। लेकिन आगामी दो माह के भीतर पुलिया व सडक निर्माण का कार्य शुरु नहीं हुआ तो फिर से आंदोलन छेडा जाएगा और इस बार आरपार की लडाई होगी।

पिछले कई वर्षो से अपनी मांगो को लेकर संघर्ष कर रहे ग्रामीणों ने हड़ताल के पहले दिन से ही स्पष्ट कर दिया था कि इस बार कोरे आश्वासन से कार्य नहीं चलेगा। इस बार ठोस कार्रवाई होनी चाहिए साथ ही जो भी आश्वासन दिया जाए वो लिखित में दिया जाए। ह?ताल के पहले दिन शाम को तहसीलदार के सामने भी ग्रामीणों ने यही मांग रखी थी। उसके बाद जिला पंचायत सीईओ, विधायक सचिन बिरला, जनपद सीईओ सहित भाजपा व कांग्रेस के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि भी धरना स्थल पर पहुंचे। यहां तक की एसडीएम व जनपद सीईओ ने स्वयं ट्यूब में बैठकर नदी पार कर स्थिति को जाना था।

शुक्रवार को विधायक ने ग्रामीणों को लिखित में आश्वासन देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा यदि दो माह में खनगांव और खेडी के बीच बांकुर नदी पर पुलिया व करीब एक किमी लंबी एप्रोच रोड का निर्माण शुरु नहीं हुआ तो वह स्वयं ग्रामीणों के साथ हडताल पर बैठेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा खनगांव व खेडी के बीच बांकुर नदी पर पुलिया निर्माण व स?क निर्माण की मांग पूरी तरह वाजिब है। व्यापक जनहित में यह कार्य आवश्यक है।

### नवागत कलेक्टर को विधायक व ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने बताई थी समस्या

गुरुवार को खनगांव व खेडी के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के साथ नवागत कलेक्टर शिवराजसिंह वर्मा से मुलाकात भी की। विधायक व प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को खनगांव व खेडी की वर्षो पुरानी समस्या के बारे में बताया। उन्होंने कहा दोनो गांवो के किसान, महिलाएं व विद्यार्थी पिछले कई वर्षो से ट्यूब में बैठकर खतरनाक परिस्थितियों में नदी पार करने पर विवश है। बीमार ग्रामीणों व गर्भवती महिलाओं को ट्यूब से नदी पार करने में परेशानी का सामना करना पडता है।

नदी में पानी गहरा है। जिसके कारण हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इसलिए बांकुर नदी पर पुलिया व एप्रोच रोड का निर्माण आवश्यक है। ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से कहा बांकुर नदी पुलिया व सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार आंदोलन कर चुके हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से हर बार आश्वासन ही मिलता रहा है। इसलिए कार्य शुरू होने के बारे में हमें लिखित में प्रमाण देना होगा। तभी भूख हडताल समाप्त की जाएगी।

# कसरावद में विकास यात्रा निकालकर भाजपा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां




कसरावद - सुधीर सर्राफ

भाजपा सरकार में हुआ प्रदेश का सर्वगीन विकास पटेल, नगर में निकली विकास यात्रा कसरावद भाजपा सरकार में मध्यप्रदेश का चहुमुखी विकास हुआ। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के हर आम जनमानस को लाभ पहुंचाया। विकास यात्रा में माध्यम से जनता को विकास कार्यों से अवगत कराकर वंचित हितगाहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। उक्त बात पूर्व विधायक आत्माराम पटेल ने रविवार को नगर परिषद में आयोजित विकास यात्रा के कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश तवर, पूर्व विधायक गजानंद पाटीदार, जितेंद्र आर्य, राजेश बडोले आदि ने भी विचार रखे। कार्यकम का संचालन संतोष दसोंधी ने एवम आभार सीएमओ संतोष चौहान ने माना। कार्यकम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तवर, जानहिकारी अध्यक्ष राजेश पाटीदार, महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष दीपक पटेल, हेमंत सोनी, पूर्व मंडी अध्यक्ष मांगीलाल गाडगे, सुमन पाटीदार, शेखर राठौड़, शंकर कुशवाह, बलराम कुशवाह, एसडीएम अग्रिम कुमार, तहसीलदार रमेश सिसोदिया, परियोजना अधिकारी विजेंद्र भालेकर, उधानिकि अधिकारी जगदीश मुजाल्दा, जेई डी एस खांडेकर, सहित अधिकारी कर्मचारी व आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रित। प्रधान संपादक -नवरत्नमल जैन - फोन-(07280)224750, मो. 9407133337